SHORT DURATION DISCUSSION

Police firing on dalits in Mumbai and Atrocities Committed on them on other parts of Maharashtra—Contd.

श्री गोविन्दराव आदिक (महाराष्ट्र): धन्यवाद उपसभापति महोदया, आपने फिर एक बार मुझे मौका दिया। महोदया, गत 11 जुलाई को मुम्बई में जो घटना हुई जहां पर परमपूज्य डा० बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा का विडंबन किया गया; उनकी प्रतिमा को जूतों का हार पहनाया गया और उससे वहां की जनता जो प्रक्षोभित थी उनके ऊपर महाराष्ट्र की सरकार की पुलिस ने गोली चलाकर 11 लोगों की हत्या कर दी। महोदया, देश के इतिहास में एक समय इतने बड़े पैमाने पर दलितों की हत्या होना शायद इस प्रकार की पहली मिसाल है। महोदया, इसके बारे में बहुत चर्चा हुई है। मैं तफसील में नहीं जाना चाहता हूं लेकिन जब हम यह चर्चा कर रहे हैं और मांग कर रहे हैं कि वहां की सरकार को भारत के संविधान धारा 356 के तहत बरखास्त किया जाए तब हमें यह भी पता करना जरूरी है कि दलितों की हत्या क्यों हुई, कैसे हुई? महोदया, आप देखेंगे कि यह सरकार जो ढाई साल के पहले महाराष्ट्र में सत्ता में आ गयी, यह ऐसी प्रवृत्तियों की सरकार है, ऐसे लोगों की सरकार है जो लोकतंत्र में विश्वास ही नहीं करती।

जो संविधान का अमल नहीं करना चाहते, संविधान के मुताबिक अपना कारोबार और व्यवहार नहीं करना चाहते, ऐसे लोकतंत्र विरोधी प्रवृत्तियों, शक्तियों और साम्प्रदायिक शक्तियां आज महाराष्ट्र की सरकार में सत्तारूढ़ होकर के बैठी हैं। यही कारण है कि यह सत्ता में आ गये। आप देखेंगे कि इनका जन्म ही अलोकतांत्रिक पद्धति से हुआ है और अलोकतांत्रिक पद्धति से सत्ता में आए हुए ये लोग हैं। महाराष्ट्र की जनता ने जो इनको वोट दिए हैं, उनको जो टोटल वोट वहां मिले हैं, महोदया उनको आप देखेंगी तो ध्यान में आएगा कि केवल 28 परसेंट वोट लेकर के ये दो पार्टियां वहां सत्ता में आई हैं। इनको जनता का बहुमत नहीं मिला है। लोगों ने जनमत का प्रदर्शन करके इनको सरकार नहीं दी है। उन लोगों का सत्ता में आना ही बिल्कुल अलोकतांत्रिक है और ऐसी ताकतें जब सत्ता में रहती हैं तो उनके कारोबार में संविधान का पालन हो, लोकतंत्र का पालन हो, यह अपेक्षा करना ही गलत हो सकता है।

महोदया, आज हम मांग कर रहे हैं कि महाराष्ट्र की यह जो सरकार है यह बिल्कुल अकार्यक्षम है, कानून और व्यवस्था को संभालने की ताकत इस सरकार में नहीं है। महाराष्ट्र की स्थिति आप देखेंगे तो आपको नजर आएगा कि वहां कानून और व्यवस्था की स्थिति बिल्कुल मौजूद नहीं है। देश के गृह मंत्री जी वहां गए थे। उन्होंने खुद जाकर के देखा है कि वहां क्या हो रहा है। जो घाट- कोपर में घटना हुई है उसमें 11 दलितों की हत्या हुई है, इतना ही सीमित रूप इसका नहीं रहा है। आप देखेंगे तो आपको एक सीरिज नजर आएगी, एक श्रृंखला नजर आएगी जहां पर आपको कानून और व्यवस्था दिखाई नहीं देगी।

महोदया, जैसे की 11 लोगों की हत्या घाटकोपर में हुई, बाबा साहब अम्बेदकर की प्रतिमा की मुम्बई के घाटकोपर में विडम्बना हुई, यह कोई पहली घटना नहीं है। इसके पूर्व अहमद नगर के श्रीरामपुर में भी बाबा साहब अम्बेदकर की प्रतिमा का विडम्बन किया गया था। इसके पहले भी आप देखेंगे कि औरंगाबाद, नांडेड़, अमरावती जैसे शहरों में भी इसी प्रकार के हादसे हुए हैं। इसकी एक सीरिज आपको नजर आ जायेगी, एक श्रृंखला आपको नजर आ जाएगी। ये लोग सत्ता में होने के बावजूद भी बाबा साहब अम्बेदकर की प्रतिमा का विडम्बन एक अलग ढंग से पूरे महाराष्ट्र में किए जा रहे हैं। मैडम, इतना ही नहीं, ये सरकार चलाने वाले जो सरकार में बैठे हुए हैं ये सरकार चला नहीं पा रहे हैं। ये सरकार को एक अलग प्रवृत्ति से चला रहे हैं यह भी आपकी नजर में आ जाएगा। मैडम, इस घटना के बाद आप देखेंगी की एक कवि ने आत्म-हत्या कर ली है, दलित वर्ग के लोगों ने अपनी आत्म हत्या करके इनके खिलाफ सबूत देने की कोशिश की है। महोदया, यह कानून और व्यवस्था का सवाल पैदा हुआ है। आज महाराष्ट्र की सरकार कुछ काम नहीं कर रही है। आज भी प्रश्नोत्तर के समय एक सवाल आया था जिस पर चर्चा नहीं हो सकी, लेकिन महोदया, आप देखेंगी कि एनटीसी की मिलों के बारे में एक प्रश्न यहां उठाया गया था। टेक्सटाइल्स मिनिस्टर भी आज यहां बैठे हुए हैं, वे इस सदन में मौजूद हैं।...**(व्यवधान)**... पुलिस फायरिंग से संबंधित है इसीलिए मैं कह रहा हूं। टेक्सटाइल मिल जो हिन्दुस्तान की सबसे बड़ी और पुरानी इंडस्ट्री है और सबसे ज्यादा काम इसका मुम्बई में होता है, टेक्सटाइल्स मिनिस्टर यहां बैठे हैं, उनसे पूछिए कि क्या हो गया है। आज लाख डेढ़ लाख वर्कर्स की बे-सहारा होने की नौबत आ गई है।...**(व्यवधान)**...

श्री संजय निरुपम (महाराष्ट्र): मैडम, ये विषय-वस्तु से अलग बोल रहे हैं। हमारे पास समय कम है।....

उपसभापति: देखिए यह उनका समय है वह कुछ भी बोल रहे हैं लेकिन अनपार्लियामेंट्री नहीं बोल रहे हैं। किसी को बुरा नहीं कह रहे हैं। आप क्यों खफा हो रहे हैं। आपका समय भी आएगा इसलिए इनको बोलने दीजिए।...**(व्यवधान)**...

श्री संजय निरुपम: मैडम, विषय वस्तु से अलग बोल रहे हैं।....

उपसभापति: नहीं, विषय-वस्तु है उनकी। वह जो बोल रहे हैं वह विषय से संबंधित है। जो वह बोल रहे हैं, ठीक है।

श्री गोविन्दराव आदिक: महोदया, महाराष्ट्र के मुम्बई शहर की मिलों में जो लाख डेढ़ लाख वर्कर्स काम करते थे, उन मिलों की हालत बहुत खराब है। ये मिलें चल नहीं रही हैं इसलिए कामगार, वर्कर्स, मजदूर सब बेकार हो गए हैं।

टेक्सटाईल मिनिस्टर जी से जब हमने पूछा कि उन मिलों को कब रिवाइव कर रहे हैं तो वह कहते हैं कि महाराष्ट्र सरकार जब तक सरप्लस जमीन के बारे में फैसला नहीं करेगी तब तक हम कुछ नहीं कर सकते। दो साल से महाराष्ट्र सरकार ने यह फैसला रोक कर रखा हुआ है। वह पिछले दो सालों से मिलों की जमीन के बारे में कोई फैसला नहीं कर रही है। ढाई साल हो गए हैं और मिलों की सरप्लस जमीन के बारे में कोई फैसला नहीं कर सकी है तो इससे यह पता लगता है कि उनका शासन किस तरह से काम कर रहा है। इसके बारे में कोई और मिसाल देने की मुझे जरूरत नहीं है।

महोदया, वहां पर जो घटनायें हो रही हैं उनका जिक्र करना बहुत डिफिकल्ट है। लेकिन जब गृह मंत्री मुंबई में मौजूद थे, उसी दिन लीलावती अस्पताल में क्या हादसा हुआ, इसको वह भी जानते हैं और पूरा देश भी जानता है। लीलावती अस्पताल के डाक्टर को शिव सेना के कार्यकर्ताओं ने हमले का शिकार बनाया। उन पर हमला किया और उनके मुंह में कालिख पोत दी। हाफ किन इंस्टीट्यूट, जो एक अंतर्राष्ट्रीय ख्याति का इंस्टीट्यूट है जहां वैक्सीनस बनती है, अलग-अलग तरह की वेल्यूएबल वैक्सीन जहां बनती हैं, उस हाफकिन इंस्टीट्यूट के डाइरेक्टर के पास शिव सेना के लोग गए और उनको बाहर खींचा, उनके साथ मार-पीट की तथा उनके मुंह पर काला रंग लगा दिया। इसके बाद वें उनको उठाकर शिव सेना प्रमुख बाल ठाकरे के पास ले गए और कहा कि ठाकरे साहब, ये हाफकिन इंस्टीट्यूट के डाइरेक्टर हैं, ये हमारी बात नहीं सुनते, इनको आप देखें। बाला साहब ने उनको जो कुछ कहना था उनको कह दिया। वे उनको गवर्नमेंट के आरोग्य मंत्रालय नहीं ले गए, या जो इस विभाग से संबंधित मंत्री थे उनके पास नहीं ले गए लेकिन बाला साहब ठाकरे के पास ले गए। कौन होते हैं यह बाला साहब ठाकरे? महाराष्ट्र की सरकार से उनका क्या वास्ता है? अगर इस पर आप गौर करें तो आप पता कर सकते हैं कि वहां पर किस तरह से शासन चल रहा है। वहां पर यह जो घटना हुई इसके ऊपर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। कहते हैं कि अभी एफ० आई० आर० दाखिल की है और इन्कवायरी चल रही है। लेकिन हमें भरोसा है कि जब तक यह सरकार वहां बैठी है तब तक कुछ होने वाला नहीं है। वहां पर जज लोगों को धमकियां दी जा रही हैं, गवर्नमेंट आफिसर्स को धमकियां दी जा रही हैं और विभिन्न पोलिटिकल पार्टीज के जो वरकर्स हैं, नेता हैं उनको भी धमकियां मिल रही हैं। वहां पर हर एक व्यक्ति इनसिक्युअर फील कर रहा है, वहां कोई सुरक्षितता नहीं है। जब तक यह सरकार वहां बनी रहेगी तब तक यह हालात वहां पर कायम रहेंगे।

मैडम, इससे भी आगे जाकर मैं आपसे और भी कुछ कहना चाहूंगा। पत्रकारों के ऊपर आप देखें कितने अन्याय हो रहे है। देशोन्नती नाम का एक पेपर जो अंकोला से निकलता है, वहां शिव सेना के नेता लोग गए। अखबार ने उनके खिलाफ कुछ लिख दिया, इसलिए उनके खिलाफ उन्होंने कार्यवाही करनी शुरू कर दी, उनके साथ मार-पीट की और फिर उनके दफ्तर में तोड़-फोड़ कर दी। महानगर, जो दैनिक मुंबई से निकलता है उसके साथ भी यही हुआ जो देशोन्नती के साथ हुआ। सारे पत्रकारों को धमकी देने का काम पिछले ढाई सालों से यह लोग कर रहे हैं। सत्ता इनके हाथ में है, पुलिस इनके हाथ में है इसलिए ये कुछ भी कर सकते हैं और इनका कोई कुछ नहीं कर सकता, यह इनको विश्वास है। इसलिए वहां पर कानून-व्यवस्था पूरी तरह चकनाचूर हो गयी है। महोदया, इसीलिए हम वहां पर 356 लागू करने की मांग कर रहे हैं।

हम यह कह रहे हैं कि यह सरकार काम नहीं कर सकती है। मैं एक मिसाल आपको देना चाहूंगा। गृह मंत्री जी यहां मौजूद हैं, इसके लिए मैं उनका आभारी हूं।

वे मुंबई गए और वहां उन्होंने मुख्य मंत्री, गवर्नर और आफिसरों से बात की या नहीं हमें मालूम नहीं। लेकिन हमने एक बात प्रेस में जरूर पढ़ी है और जिसका जिक्र गृह मंत्री ने यहां पार्लियामेंट में भी किया है कि वे बाला साहब ठाकरे से मिले थे। वहां बाला साहब ठाकरे और उनके दो नुमाइन्दे गृह मंत्री से मिलने आते हैं। महोदया, वहां विपक्ष के नेता भुजबल, जो हमारी पार्टी के हैं, उनके घर पर हमला हुआ, उनके घर पर तोड़-फोड़ की गई और वहां सब सत्यानाश कर दिया। भुजबल जी खुद बाल-बाल बचे, नहीं तो वे आज जिंदा नहीं दिखाई देते, इतना बड़ा हमला उनके ऊपर हुआ। जब ठाकरे साहब और उनके दो नुमाइन्दे गृह मंत्री से मिलते हैं तो अपनी चर्चा में वे इस घटना का समर्थन करते हैं। भुजबल जी के घर पर जो हमला हुआ, विपक्ष के नेता के घर पर जो हमला हुआ उसका समर्थन ठाकरे जी करते हैं और गृह मंत्री जी से कहते हैं कि यह इस बार हो गया है आगे नहीं होगा, इसकी चिंता न की जाए। गृह मंत्री जी कहते हैं ठाकरे जी ने हमको आश्वासन दिया है कि आगे ऐसा नहीं होगा। कौन होते हैं ये ठाकरे जो अपने दो बेटों के साथ गृह मंत्री के साथ चर्चा करते हैं? उनका क्या अधिकार है? कौन सा कांस्टिट्यूशनल आधार उनको मिला हुआ है?

गृह मंत्री कानून की कौन सी धारा के तहत, कांस्टीट्यूशन की कौन सी धारा के तहत उनके साथ बातचीत करते हैं, यह हमारी समझ में नहीं आया है। यह सारी बातें वहां असंसदीय बातें हो रही हैं, असंसदीय तरह से काम हो रहा है, रिमोट कंट्रोल के साथ गवर्नमेंट चलाई जा रही है। सामान्य जनता पर अत्याचार हो रहा है, पत्रकारों के ऊपर अन्याय हो रहा है विपक्ष के नेता जो एक पार्लियामेंटरी इंस्टीट्यूशन है, एक संस्था बनी है, उस पार्लियामेंटरी इंस्टीट्यूशन को खत्म करने की कोशिश यहां हो रही है। और हमारी केन्द्रीय सरकार बड़े आराम से यह सब देख रही है । यह कहा जा रहा है कि गृह मंत्री यह कहते हैं कि कानून-व्यवस्था वहां ठीक नहीं है फिर भी कार्यवाही करने जैसी स्थिति नहीं है। मैं गृह मंत्री जी से यह पूछना चाहूंगा कि क्या हमारे भुजबल जी का अंत हो जाता तब आप खुश हो जाते और कोई कार्यवाही करते? हमारे विपक्ष के नेता मधुकर जिचड की हत्या वहां होती तब आप शान्त हो जाते? तब आपको लगता कि वहां स्थिति खराब हो गई है। महानगर के संपादक और देशोन्नत्ति के संपादक की हत्या हो जाने के बाद आप सोचेंगे। आज 11 दलितों की हत्या हो गई है। क्या आप अमरावती, अकोला और अहमदनगर में दलितों की हत्या होने के लिए रुके हुए हैं, किसलिए रुके हुए हैं, हमें यह बताइये? हम जानना चाहते है कि कब तक आप रुके रहेंगे? जब तक आप रुके रहेंगे तब तक यह अन्याय और अत्याचार बढ़ते रहेंगे।

[उपसभाध्यक्ष (श्री जॉन एफ० फर्नांडिस) पीठासीन हुए]

श्री गोविन्दराव आदिक: उपसभाध्यक्ष महोदय, आज महाराष्ट्र की गरीब जनता के मुंह में एक ही स्लोगन पैदा हो गया है और वह स्लोगन है* अगर आप चाहते हैं कि यह राज इस तरह से चलता रहे **(व्यवधान)** यह मैं नहीं कह रहा हूं **(व्यवधान)**

SHRI SATISH PRADHAN: Sir, I am on a point of order. *(Interruptions)*

PROF. RAM KAPSE (Maharashtra): Sir, Iam on a point of order.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JOHN F. FERNANDES): Yes, what is it?

PROF. RAM KAPSE: My point of order is that Shri Govindrao Adik referred to the Chief Minister of Maharashtra, Shri Manohar Joshi and the Deputy Chief Minister of Maharashtra, Shri Gopinath Munde, as * in this House. They are not present in this House to reply to it. *(Interruptions)*

SHRI SUSHILKUMAR SAMBHAJIRAO SHINDE (Maharasthra): He has not said it. He is only telling us what slogans people in Maharashtra are raising.

SHRI GOVINDRAO ADIK: I am just...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JOHN F. FERNANDES): Mr. Adik, just one minute. *(Interruptions)* Mr. Adik, if you have uttered this word referring to somebody else, then I don't think it should go on record. *(Interruptions)*

SHRI GOVINDRAO ADIK: Sir, I agree with whatever you say. But I haven't said anything of my own. I am just bringing the situation prevailing in the State before this House. I am only

---

*Expunged as ordered by the Chair.

pointing out what is happening in the State. It is not my intention... *(Interruptions)*

PROF. RAM KAPSE: Sir, it should be expunged.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JOHN F. FERNANDES): I have already said that it should be expunged. *(Interruptions)* I have already said, if it is on record it should be expunged.

SHRI SUSHILKUMAR SAMBHAJIRAO SHINDE: These are the slogans that people are raising there.

SHRI GOVINDRAO ADIK: It is not a slogan that I have raised it in this House. This is what people are shouting outside.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JOHN F. FERNANDES): But you should maintain the decorum in the House. You should not repeat here what others are saying about elected representatives of the State. Please continue.

SHRI GOVINDRAO ADIK: Sir, my intention was just to point out the seriousness of the situation because the hon. Home Minister is sitting here and he is not yet convinced about the failure of the law and order situation in the State. That is why I wanted to point it out to him. That was the intention. I don't want to make any allegations against the Chief Minister or the Deputy Chief Minister.

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपसे कहना चाहता था कि वहां एक स्थिति आज पैदा हो गई है ऐसी स्टेट में जहां कानून-व्यवस्था का कुछ पता नहीं रहा है, जहां लोगों के दिल में इनसिक्युरिटी की भावना पैदा हो गई है ऐसा राज है जहां संसद की जो परम्पराएं हैं, उनको भी अमल में नहीं लाना चाहते हैं, जहां संविधान पर अमल नहीं हो रहा है, ऐसे कारोबार करने वाली सरकार को क्या हम बर्दाश्त करने वाले हैं। अगर हम इस तरह से उनको बर्दाश्त करेंगे तो महाराष्ट्र में शान्ति और अमन जो इससे पहले पैदा हुआ था, तरक्की की तरफ जो स्टेट आगे जा रही है, नम्बर एक स्टेट बन गई थी, उस स्टेट की हालत बहुत खराब हो गई है। वहां अशान्ति है, सुरक्षा नहीं है, कानून-व्यवस्था का कोई पता नहीं है, विपक्ष के नेता को अगर सिक्युरिटी नहीं मिल सकती है तो सामान्य नागरिक को कौन सी सुरक्षा मिल सकती है? यह सवाल आज लोग खुले आम पूछ रहे हैं। महोदय, इसी कारण हम लोग चाहते है कि जहां कानून और व्यवस्था पूरी खत्म हो गयी है ऐसी स्टेट में अगर इस सरकार को काम करने देने का इरादा गवर्नमेंट आफ इंडिया का है तो वह लोकतंत्र के विरोध में होगा, लोकतंत्र और संविधान के विरोध में होगा। इसलिए मैं आपके मार्फत, इस सदन के मार्फत केन्द्र सरकार को यह निवेदन करना चाहूंगा, प्रार्थना करना चाहंगा कि इस बारे में आप विलम्ब नहीं कीजिए। अगर आप विलम्ब करेंगे तो एक जगह पर ऐसी घटनाएं नहीं बल्कि और भी जगहों पर ऐसी घटनाएं घटेंगी। वहां एक माहोल ऐसा ही पैदा किया जा रहा है। इससे पूरी स्टेट और स्टेट की आबादी को तकलीफ होगी। यह ध्यान में लेकर आप तुरंत संविधान की धारा 356 के तहत कार्यवाही करें और वहां पर सरकार को बर्खास्त करें। इतना ही कहकर मैं आपको धन्यवाद देकर अपना भाषण समाप्त करता हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JOHN F. FERNANDES): Shri N. Thalavai Sundaram. Your party has only five minutes.

SHRI N. THALAVAI SUNDRAM (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, thank you very much for giving me an opportunity to speak on this issue. It is not a political issue. It is an issue which relates to the Dalits. The Dalits are suffering at the hands of either police or some other people everyday. Sir, we know it very well that there is a police manual which is applicable in the whole country. I want to know from the hon. Home Minister whether the concerned police officials got any instructions from the State Government.

Sir, our party colleagues, Shei S. Niraikulathan, Shri O.S. Manian and Shri R. Margabandu, put a common question regarding the communal tension in our country on the 5th March, 1997. The question was whether the Government proposes to take any stringent measures for containing the widespread communal violence in several parts of the country. In reply to that the Home Minister said,

"The overall communal situation in the country has considerably improved since 1993. There was a major incident of violence only in Tamil Nadu during the last two months." Sir, nowadays, as far as communal violence is concerned, Tamil Nadu is the worst affected. The law and order situation in Tamil Nadu is worse than what is there in Maharashtra. How are things going on in this country? It is not only Maharashtra but also Tamil Nadu where the situation is not good.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JOHN F. FERNANDES): Mr. Sundaram, the debate is on Maharashtra.

SHRI N. THALAVAI SUNDARAM: Sir, I am just comparing the condition of Tamil Nadu with other States.

SHRI AJIT P.K. JOGI (Madhya Pradesh): He started from Tamil Nadu and now has reached Mumbai.

SHRI N. THALAVAI SUNDARAM: Mr. Vice-Chairman, Sir, you know it very well that different political parties are ruling in defferent States of our country. We have no objection to that. We as Members of Parliament want to know from the Home Minister as to how these incidents are taking place in our country. How many people were affected by such incidents in Maharashtra? I want to know whether this incident was politically motivated or not. I also want to know whether the police officials did consult the State Government and whether there was misuse of power for attaching the Dalits. If these incidents are not stopped, than we are going to witness such incidents in Maharashtra, Tamil Nadu, West Bengal and everywhere. There is communal tension in the whole country. I request the hon. Home Minister to take necessary steps to investigate whether police officials took the law into their own hands or there were any instructions from the State Government of Maharashtra for firing on Dalits.

My next point is this. We are very proud that our hon. President belongs to the Dalits. But, so far as Maharashtra is concerned, the Dalits are being attacked there day in and day out. The State Government should ensure that such incidents do not recur in future. Mr. Vice-Chairman, Sir, you also wanted to know whether this matter had been referred to the Human Rights Commission.

I request the Chair to give a direction to the hon. Home Minister in this regard. This matter should be investigated thoroughly because it is a very serious matter. It is not a political issue.

Sir, as you know we have statues of national leaders in every State. If you go to West Bengal, statues of Netaji are there; if you go to Karnataka or Tamil Nadu or to any other State, statues of Dr. Ambedkar are there. We know very well that Dr. Ambedkar is respected very greatly in this country. Everywhere statues of Dr. Ambedkar are there. I suggest that adequate protection may be given to those statues which are in the State capitals and metropolitan cities. I would like to know whether you are going to provide protection to the statues of all national leaders. I think we can request the Municipal Corporations in various cities to take care of these statues. Sir. the Home Minister may also like to give a direction to the concerned district police officials for providing police protection to these statues. Sir, the second point that I would like to mention is that the State Government has announced a compensation of Rs. 2.5 lakhs for those Dalits who suffered because of this firing in Maharashtra. Sir, I think that this compensation is not enough for these people. Sir, I again want to know as to who was in the background of this incident. I request the Home Minister, through the Chair, that this matter should be investigated by the National Human Rights Commission as was suggested by the Vice-Chairman earlier. Lastly, Sir, I quoted the question which was put to the Home Minister

only because in his reply the Home Minister had stated that the law and order in Tamil Nadu was worse. Thank you

श्री नरेश यादव (बिहार): उपसभाध्यक्ष महोदय। श्री शिंदे साहब एवं अन्य साथियों के द्वारा जो दलितों पर मुंबई में अत्याचार हुआ उसके विरोध में इस सदन में चर्चा के लिए विषय लाया गया है यह बहुत महत्वपूर्ण है और इस विषय पर पिछले दो दिन बहस हुआ। काफी अच्छे विचार सारे साथियों ने लाए हैं और मैं भी चंद शब्दों में अपनी बात रखूंगा।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैंने देखा कि जो महाराष्ट्र सरकार से संबंधी है भारतीय जनता पार्टी और शिवसेना और फिर उधर से इधर हम सत्ता पक्ष के लोग जब यह चर्चा हो रही है तब सत्ता पक्ष के लोग जो महाराष्ट्र में काबिज है उनकी यह भावना रहती है कि किसी न किसी तरह बात को रोका जाए और जब आंख उठाते हैं तो तब हम लोगों की भावना रहती है कि हम आपकी बात को किसी न किसी तरह रोकें। इस टोका-टोकी, रोका-रोकी में मेरी समझ से किसी भी समस्या का समाधान होने वाला नहीं है। मैं इस बात को भी अच्छी तरह से जानता हूं कि जो चर्चा हो रही है, माननीय गृह मंत्री जी जवाब देंगे और कल पे यह लायब्रेरी की एसेट हो जाएगी। कोई इस पर कुछ होने वाला नहीं है इसलिए कि मुंबई की घटना के पहले डा॰ संपूर्णानंद की मूर्ति का अनावरण करने के लिए एक दलित महापुरुष बाबू जगजीवन राम जी गए थे। 1977 में और अनावरण के बाद यह मूर्ति अछूत हो गई तथा गंगाजल से उस मूर्ति को धोया गया। आज भी उपसभाध्यक्ष महोदय, जब दलितों की बरात निकलती है तो उस बारात को शान-व-शौकत से अगर निकाला जाता है तो उस पर तथाकथित जातियों का हमला होता है। इसलिए महोदय, हमें और इस सदन को गंभीरता से इस बात को लेना पड़ेगा। आखिर क्या कारण है, क्यों दलितों पर अत्याचार हो रहे हैं, क्यों गोलियां चलाई जा रही हैं?

यह किसी दल का सवाल नहीं है। न हमारे दल का सवाल है, न आपके दल का सवाल है। सांप्रदायिकता या जातीयता, नफरत यह लोगों के दिमाग में पायी जाती है और जब तक इस बीमारी को दिमाग से नहीं निकाला जाएगा तब तक इस समस्या का समाधान नहीं होगा।

उपसभाध्यक्ष महोदय, हम इस बात को कहना चाहते हैं कि हमारे हिन्दुस्तान में जाति के आधार पर मान और सम्मान मिलता है, जाति के आधार पर भूमि पर काबिज होते हैं, जाति के आधार पर शिक्षा दी जाती है। जाति के आधार पर लोग अशिक्षित रहते हैं, जाति के आधार पर सारी व्यवस्था टिकी हुई है। आज हमारा दलित बहुमंजिले मकान बनाता है, लेकिन यह खुद रहता तो झुग्गी, झोपड़ी या सड़क के किनारे है। इसलिए हमें इस बात पर गंभीरता से सोचना पड़ेगा और सोचकर कोई न कोई ठोस निर्णय लेना पड़ेगा कि आगे आने वाले दिनों में आजादी के इस 50 साल बाद, तो दलितों पर अत्याचार न हो। इस बात को हमें और आपको गंभीरता से सोचना है।

महोदय, माननीय गृहमंत्री जी से मैं पूछना चाहता हूं, चूंकि वह समाजवादी विचार के हैं, सारी चीजों से ऊपर उठकर के सिद्धांत की राजनीति करते हैं, आपसे इस देश को काफी भरोसा है, क्या आपके रहते हुए भी इस देश में इस तरह 11 निरपराध दलित मारे जाएंगे? वहां मजिस्ट्रेट ने आर्डर नहीं दिया, बिना मजिस्ट्रेट के आर्डर के एक पुलिस इंस्पेक्टर के आदेश से गोली चलती है और इस गोली चलने में इस तरह यह 11 दलित मारे गए। गोली चलने से जो घायल हुए हैं वह कौन थे? घायल मजदूर था, राजमिस्त्री का काम करने वाला, ठेला खींचने वाला था और उसकी कोई गलती नहीं थी। उस मजदूर ने क्या अपराध किया था? कुछ नहीं, सिर्फ यह कि वह काम करने के लिए जा रहा था।

उपसभाध्यक्ष महोदय, हम यह कहना चाहते हैं, हम इस बात को मानते हैं, कि आज पूरे देश में एक व्यापक अभियान चलाने की जरूरत है, जिसके चलते इस समस्या का सही निदान हो सके। हम उस पक्ष के साथियों से कहना चाहते हैं कि आप राम का नाम बहुत लेते हैं, राम के साहरे गद्दी पर आते हैं, कम से कम आपको रामकथा से भी सबक सीखना चाहिए कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने एक दलित महिला के हाथ से झूठा बेर खाया था, सबरी के हाथ से झूठा बेर खाया था। आप बहुत दुहाई देते हैं, राम का नाम लेते हैं, राम के नाम पर गद्दी पर आने का तौर तरीका आपने सीखा है। राम हम सभी के लिए, समस्त हिन्दुस्तान-वासियों के लिए ही नहीं दुनिया के लिए मर्यादा पुरुषोत्तम है। आप जिस तरह राम का नाम भुना भुना कर आते हैं, क्या वह आदर्श है? जो आदर्श राम ने उपस्थापित किया, जिस आदर्श को रखा, एक दलित महिला के हाथ से झूठा बेर खाया, उसी दलित पर महाराष्ट्र में भाजपा-शिवसेना की सरकार गोलियां चलवा रही है और जिसके चलते वहां 11 दलित लोगों की हत्या हुई। यह राष्ट्र के लिए शर्म की बात है। जो पार्टी वहां सत्ता में आसीन है, उससे मैं

कहना चाहता हूं कि जिस तरह राष्ट्रीय जनता दल के लोग सदन में, जिस दिन सत्र प्रारंभ हुआ तो उसी दिन बाबा साहेब भीमराव अंम्बेडकर की मूर्ति के समक्ष गए और वहां जाकर कहा कि हम शर्मिन्दा हैं और शर्मिन्दा इसलिए हैं कि कुछ लोगों ने दलितों पर अत्याचार किया है, उसी तरह कम से कम भाजपा और शिवसेना के लोगों को जाकर भी शर्मिन्दा होना चाहिए बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति के सामने। क्या बिगाड़ा था बाबा साहेब भीमराव अम्बडकर ने? जिस किसी ने भी किया, यह जांच का विषय है। मूर्ति का इस तरह अपमान करना उचित नहीं। जरा आप अपने दिल पर हाथ रखिए और सोचिए कि आज बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति का अपमान हुआ है, हमें तो बहुत सम्मान है छत्रपति शिवाजी पर, अगर महाराष्ट्र में आज कोई व्यक्ति छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा के गले में माला जूते की पहना दे तो क्या होगा महाराष्ट्र में? बलवा नहीं हो जाएगा? हम लोगों का छत्रपति शिवाजी पर उतना ही सम्मान है, स्वाभिमान है, गर्व है और इसलिए कि छत्रपति शिवाजी देश के महान व्यक्ति थे, उन्होंने इस देश के सम्मान को बचाया। किस व्यक्ति को छत्रपति शिवाजी पर अभिमान नहीं होगा। लेकिन जरा सोचिए कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर भी किसी जाति के लिए, किसी धर्म के लिए आस्था का प्रतीक हैं और राष्ट्र के नायक बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर, जो कि संविधान सभा के चेयरमैन थे, इतने महान व्यक्ति की मूर्ति का अपमान किया गया और जब उसके बारे में जवाब मांगा गया और कहा गया कि दोषियों के विरुद्ध कार्रवाही करो तो कार्रवाई के बदले गोली चलाई गई और उससे दलित मारे गए। इतना ही नहीं, महाराष्ट्र में विपक्ष के नेता भुजबल साहब ने अगर विरोध किया तो उनके घर पर हमला हुआ। हमारे एक और कांग्रेस के मित्र ने विरोध किया तो उनके घर पर हमला हुआ। तो यह हमले की संस्कृति क्या है? कभी पत्रकार पर हमला, कभी इस पर हमला, कभी उस पर हमला? ये हमला करके किसको क्या दिखाना चाहते हैं?

उपसभाध्यक्ष महोदय, हम आपसे आग्रह करना चाहते है कि इस देश में हजारों-हजारों साल से चली आ रही जाति की व्यवस्था पर हमें प्रहार करना पड़ेगा, चोट करनी पड़ेगी क्योंकि जाति-व्यवस्था पर ही ये सारी चीजें आधारित हैं। आप जानते हैं कि इस देश के न्यायालय में भी जाति के आधार पर बेल ग्रांट होती है, बेल रिजेक्ट होती है। यह जाति की व्यवस्था देश की नस-नस में समाई हुई है। अगर दलित का कल्याण हम करना चाहते हैं, सही मायनों में हम इस बात को चाहते है कि आने वाले समय में देश में किसी भी दलित पर अत्याचार न हो तो हमें इस जाति-व्यवस्था को तोड़ना होगा। महोदय, इस देश में एक चौथाई हिस्सा दलितों का है और उसपर अगर हमला होता है तो देश के सामने और दुनिया के सामने हम क्या संदेश देंगे? आजादी के 50 साल बाद भी एक भाई अपने भाई पर ही गोली चला रहा है इसलिए कि वह भाई हजारों-हजारों साल से पिछड़ा हुआ है, कुचला है, दबा है और सम्मान व सम्पत्ति से वंचित है।

इसलिए, उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आग्रह करना चाहता हूं कि जिस किसी ने, जिस किसी दल की सरकार के होते यह कार्रवाई हुई है, उसकी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वह अपनी गद्दी को छोड़ दे। अगर जरा भी चरित्र बचा हुआ है, नैतिकता बची हुई है तो बाबा साहब भीमराव जी की मूर्ति के अपमान और दलितों की हत्या होने पर आपको अपनी गद्दी को त्याग देना चाहिए। अपर आप यह त्याग नहीं करते हैं तो केन्द्र सरकार का फर्ज बनता है कि वह महाराष्ट्र की सरकार को बर्खास्त कर दे।

इन्हीं शब्दों के साथ, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया उसके लिए आपका धन्यवाद करते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JOHN. F. FERNANDES): Now, I would request Mr. Ish Dutt Yadav to conclude in time. Your party has only five minutes. I have the list before me.

श्री ईश दत्त यादव (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मुम्बई देश की आर्थिक राजधानी है और जब मुम्बई में कोई घटना होती है तो उसका देश की आर्थिक स्थिति पर, राजनीतिक स्थिति पर, सामाजिक स्थिति पर प्रभाव पड़ता है। कुछ वर्षों पहले जब वहां बम विस्फोट हुए तो उसका प्रभाव पूरे देश के ऊपर पड़ा था। इस समय एक ही कांटीन्यूएशन में, एक ही निरंतरता में मुम्बई में तीन घटनाएं हुईं। बाबा साहब डा० भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति का अपमान हुआ, फिर इसका विरोध हुआ, पुलिस ने फायरिंग की और 11 लोग जान से मारे गए और इसके बाद कांग्रेस के बड़े नेता और विपक्ष के नेता श्री छगन भुजबल के घर पर कातिलाना हमला हुआ। ये तीनों घटनाएं एक -दूसरे से

संबंधित हैं और ये तीनों घटनाएं भयंकर हैं। इस सदन में इस संबंध में बहुत से माननीय सदस्यों ने अपने विचार प्रकट किए। गृह मंत्री जी स्वयं मौके पर वहां गए और इन्होंने घटनास्थल का भी निरीक्षण किया। मैंने समाचारपत्रों में पढ़ा था कि छगन भुजबल के घर पर भी गए थे और पूरी स्थिति का इन्होंने जायजा लिया था। लोक सभा में गृह मंत्री जी का बयान हो चुका है। सारी परिस्थिति को देखने से और गृह मंत्री के बयान पर विचार करने से अब यह स्पष्ट हो गया है कि महाराष्ट्र की सरकार इन साजिशों के पीछे है। हमारे साथी भाई नरेश यादव सही कह रहे थे कि सदियों से समाज में जो लोग पिछड़े हुए हैं, कुचले हुए हैं, दलित हैं, अपमानित किए गए हैं, जो अब अपने अधिकारों की मांग कर रहे हैं, जो समाज में अब बराबरी में आना चाहते हैं, उन्हें ये सांप्रदायिक ताकतें आगे नहीं बढ़ने देना चाहती हैं जिनकी आज महाराष्ट्र में सरकार है।

महोदय, यह विडंबना है कि प्रजातंत्र का इस तरह का स्वरूप आज देखने में आ रहा है कि जो लोग सरकार में हैं, उनके अलावा एक सुपर सरकार होती है। हम नाम नहीं लेना चाहते हैं लेकिन एक बड़े नेता हैं हमारे प्रधान जी की पार्टी के, वे सारा संचालन कर रहे हैं।

श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी (उत्तर प्रदेश): प्रधान जी को अपनी पार्टी का पता नहीं है, जैसे आपके प्रधानमंत्री को पता नहीं है कि पार्टी कौन सी है उनकी।

श्री ईश दत्त यादव: इसी तरह हमारे उत्तर प्रदेश में है। वहां भी सांप्रदायिक ताकतों की सरकार बन गई और उसको भी एक सुपर चीफ मिनिस्टर ऊपर से चला रहे हैं और ये लोग जो सरकार के बाहर के लोग हैं, ये प्रदेशों में अशांति और अव्यवस्था फैलाने के लिए जिम्मेदार हैं।

श्री सतीश प्रधान: ये बिहार में भी वही हो रहा है।

श्री ईश दत्त यादव: महोदय, अगर बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति का अपमान हुआ है तो पूरे देश का अपमान हुआ है और संविधान का अपमान हुआ है। महाराष्ट्र सरकार को, वहां के मुख्यमंत्री को, वहां के गृह मंत्री को चाहिए था कि इस घटना को वे गंभीरता से लेते और इसकी जांच कराते। जनता का विरोध करना और उग्र होना स्वभाविक है। अगर देश के एक बड़े नेता का अपमान किया जाए और जूतों और चप्पलों की माला उनकी मूर्ति को पहनाई जाए, कोई भी स्वाभिमानी व्यक्ति इसको बरदाश्त करने के लिए तैयार नहीं है। हम तो यह कहते हैं कि वहां जिन लोगों की सरकार है, उन्हीं की साजिश इसके पीछे रही है जूते और चप्पलों की माला पहनाने में। अंग्रेजों की तरह से इनकी नीति है कि फूट डालो और शासन करो। महोदय, ये हिंदू राज्य की कल्पना करते हैं, ये इस देश के एक वर्ग को काटकर राज करना चाहते हैं, ये चाहते हैं कि इस देश में केवल कुछ ही लोगों का राज रहे, जो सांप्रदायिक ताकतें हैं, केवल उन्ही का राज रहे। यह कोई साधारण घटना नहीं है, यह असाधारण घटना है जिसका पूरे देश के ऊपर प्रभाव पड़ेगा ...(व्यवधान)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JOHN F. FERNANDES): Mr. Pradhan, you should not take his time. Please sit down. Let him complete. He has only five minutes.

श्री ईश दत्त यादव: माननीय गृह मंत्री जी, मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि अगर आप देश की इस बिगड़ती हुई परिस्थिति की ओर ध्यान नहीं देंगे तो स्थिति भयावह हो सकती है।

श्री संजय निरुपम: महोदय, गृह मंत्री जी सो रहे हैं।

श्री महेश्वर सिंह (हिमाचल प्रदेश): ईश दत्त जी, आप शरमाते क्यों हो, बोल दीजिए।

श्री ईश दत्त यादव: आप चिंतित न होइए। गृह मंत्री जी मेरी बातों को ध्यानपूर्वक सुन रहे हैं।

मान्यवर, मैं निवेदन कर रहा था कि अगर इस तरह की घटनाएं इस देश में होती रही तो देश की स्थिति भयावह हो सकती है। हिन्दू-मुसलमान के नाम पर, जांत-पांत के नाम पर, धर्म के नाम पर, मजहब के नाम पर, बिरादरी के नाम पर अगर इस तरह से सरकारें काम करती रहेंगी तो स्थिति भयावह हो जाएगी। इसलिए मान्यवर, मैं आपके माध्यम से गृह मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगा कि आपने स्वयं देख लिया है और मैं समझता हूं कि गृह मंत्री जी पूर्णतया संतुष्ट होंगे कि महाराष्ट्र में, मुम्बई में जो कुछ हुआ, जो घटनाएं हुई जिनकी हम चर्चा कर रहे हैं इनके पीछे साम्प्रदायिक ताकतों का हाथ था जिनकी वहां पर सरकार है और ऐसी सरकार एक मिनट भी अब महाराष्ट्र में रहने लायक नहीं है और इसलिए अनुच्छेद-356 की व्यवस्था की गई है संविधान के अंदर। मैं चाहूंगा मान्यवर, आपके माध्यम से गृह मंत्री जी से कि आप धारा 356 का प्रयोग करिए। यह साम्प्रदायिक ताकतें केवल महाराष्ट्र को नहीं

पूरे देश के लिए खतरनाक होती चली जा रही है। अगर इन पर रोक नहीं लगाई जाती है, अंकुश नहीं लगाया जाता है तो देश के लिए खतरनाक स्थिति होगी। मेरा दूसरा निवेदन होगा कि जो घटनाएं हुईं चाहे बाबा साहब की मूर्ति का अपमान करने का, फायरंग का और छगन भुजबल के घर पर आक्रमण करने का, तीनों घटनाएं एक दूसरे से संबंधित हैं। लेकिन तीनों की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच कराई जानी चाहिए और जांच कराकर दोषी लोगों को कड़ी से कड़ी सजा देनी चाहिए ताकि इसकी पुनरावृत्ति न हो। मान्यवर, मैं आपका इशारा समझ रहा हूं, मैं और समय नहीं लेना चाहता। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपको बहुत धन्यवाद दे रहा हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JOHN F. FERNANDES): Thank you. Now Dr. Gopalrao Vithalrao Patil.

Dr. Patil, your party has exhausted its time and exceeded by four minutes. I will give you only five minutes.

DR. GOPALRAO VITHALRAO PATIL (Maharashtra): No, no. Only one Member has spoken from our Party.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JOHN F. FERNANDES): Your party has taken all the time. I will give you just five minutes.

DR. GOPALRAO VITHALRAO PATIL: This side's views should also come before the House. That is the thing.

Thank you, hon. Vice-Chairman, for giving me this opportunity.

On the 11th of July, there was the desecration of the statue of Babasaheb Ambedkar, and there was the protest and violence, resulting the death of ten people. This incident was very tragic and painful. Therefore, the leaders of BJP met His Excellency, the Governor of Maharashtra. When the Home Minister of India, Shri Indrajit Gupta, was there in Bombay on the 15th, we expressed our concern and anguish. We deplored all the three incidents of desecration, firing and attack on the opposition leaders. This is my first submission.

The second point is that just now we have heard wild and baseless allegations against the Maharashtra Government. Why I am calling them as baseless is because there was no truth. No statistics were given, and no information was supplied, but only wild allegations were made.

First, one hon. Member said that Maharashtra was only for Maharashtrians and that there was no place there for non-Maharashtrians. This is one of the wildest allegations because everybody in India knows that Maharashtra is the only cosmopolitan State in the whole of India, where the maximum number of non-Maharashtrians from Jammu and Kashmir to Kanyakumari live. There are people from North India, Bihar and West Bengal. Then, there are many people from South India, Gujarat and Punjab. The thing has come to such a stage that we can say that Bombay is mini-India. The population break-up in Bombay is such that Maharashtrians are in a minority and other people are in a majority. Even in other cities of Maharashtra the picture is just the same. Then how can you say there is no place for non-Maharashtrians there? This is a blind-folded charge and I refute it strongly.

Another point made out is that there is no law and order in Maharashtra, the Government there is autocratic, nondemocratic and so on and so forth, but the facts are not given. They say there are political murders, but not a single example has been given as to which leader was murdered. I can state several cases—they are known and discussions on them had taken place in this House also—that during the Congress regime—where imporant leaders were murdered. Our M.L.A., hon. Prem Kumar Sharma, was murdered in his house. Our venerable leader, Ram Das Naik, who was President of the Bombay Unit of the B.J.P. was murdered. The other two, Ramesh More, M.L.A. and Vithal Chavan were

murdered. They were political activists in Bombay. These people were murdered and the culprits were not arrested. Only when the Government led by Shiv Sena and B.J.P. alliance, came into power, they arrested all the culprits, chargesheeted them and they will be prosecuted now. They are now making a noise that their leader, the Leader of the Opposition there, has been attacked. The only work of the Congress rule there was to beat the Members of the Opposition. I can say there might not be a single Minister, who had not sustained lathis of the Congress police. I can say that on the then leader of the Opposition and the present Home Minister and Deputy Chief Minister, hon. Gopinath Munde, a murderous attack was made and bullets were fired on him.

SHRI GOVINDRAO ADIK. It was not done by any Congressman.

श्री जनार्दन यादव (बिहार): पर यह कांग्रेस के राज में तो हो रहा है। ...(व्यवधान)...

DR. GOPALRAO VITHALRAO PATIL: It was done during your *Raj. (Interruptions)* During your Congress Raj the topmost leader of the B.J.P., Dr. Murli Manohar Joshi, was attacked and he was bleeding from his head during the Boat Club demonstration. *(Interruptions)* Your Congress Police of Delhi had attacked him. Your *Raj* was just run under MISA. Have you forgotten the MISA? Have you forgotten the black laws which you had enacted? You have said the press was gagged. *(Interruptions)*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JOHN F. FERNANDES): Dr. Patil, you have to restrict yourself to Mumbai. If you beat about the bush, there will be problems.

DR. GOPALRAO VITHALRAO PATIL: Sir, they had not restricted themselves to Mumbai. They were citing some isolated instances of attacks on journalists, but they had gagged the Press by brining in back laws that the whole national has not yet forgotten. How can your totalitarian rule run under MISA be justified? Was it democracy? You are now saying that in Maharashtra there is no democracy. On the contrary, it is the most peaceful State. The Home Minister visited the State four months back and he had said that Maharashtra is one of the best governed States in the whole of India. These are the words of the Home Minister. As against that what had he to say about other States? I don't want to name them, but on U.P. there was a discussion in the House. What type of *Raj* was going on in the Northern States of Bihar and U.P.? Compare with that and see that the situation is in Maharashtra? What has actually happened is that for the first time after indepedence, those who were in the Opposition in Maharashtra, for the first time, are now in Government and those who were in Government, are now in Opposition. The Congress is now out of power. They cannot stay out of power. The issues—social, political and economic—created by the Congress and their fellow-travellers, are now being raked up, because they have now lost the political base. There is no issue and, therfore, they want to create chaos. Why I am saying this is there are some reasons. The incident occurred instantly, within 1½ hours. There was a desecration of the statue at 6.30 and there was a firing at 7.30 or 8. Everything was over within 1½ hours. But is it a sudden incident? No. There were certain things which had taken place. On 10th July there was a debate going on in the Maharashtra Assembly. One Member of the State Legislature belonging to the Congress party while participating in the debate said that there was peace in Maharashtra. It is on record. But this peace was the peace before a storm. In Marathi... *(Time-bell rings)*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JOHN F. FERNANDES): You have already taken 7 minutes.

DR. GOPALRAO VITHALRAO PATIL: Then, I will not speak.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JOHN F. FERNADES): Conclude within two minutes.

DR. GOPALRAO VITHALRAO PATIL: I have to mention about the background; and also what steps the Government has taken. I think I am the second speaker from my party.

Sir, with your permission I would like to state that in the proceedings of the Maharashtra State Assembly what the Member has said is on record.

"The peace before the storm." Then, the Home Minister intervened and said, "Are you having any information as to what is going to happen next?"

The same Member again said:

"Which is the peace of the graveyard? Peace before the storm." I do not know whether he had any previous knowledge that something was going to happen the next day. This debate took place in the Maharashtra State Assembly on the 10th July. So, this is one thing.

The second thing is after the incident many people visited that place. The hon. Leader of the Opposition in the Maharashtra State Assembly also visited that site. Then, many other leaders also visited that site. There was a prominent RPI leader, Mr. Atwale. When he visited that place along with other friends/like Mr. Gavai the RPI Leader Mr. Atwale was beaten by the mob. Mr. Gavai was abused. Even then nobody from the Congress condemned this attack. What is the reason for this?

[The Vice-Chairman (Shri Triloki Nath Chaturvedi) *in the Chair]*

No complaint or FIR was lodged whereas Mr. Bhujbal was accepted there. No leader was allowed to visit that site. This was the condition. I do not know whether the Leader of the Opposition was the friendliest man. Yesterday only I heard that he had purified the martyr's memorial with *gomootra* because it was desecrated by the Dalits earlier. He was the person who said, "Instead of erecting the statue of Gandhiji, why don't you erect the statue of Nathuram Godse?" These were the words of Mr. Bhujbal. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI): The hon. Home Minister is scheduled to give his reply at 1.30 P.M. Please conclude. Mr. Adik, don't interrupt him. The hon. Home Minister has to reply.

DR. GOPALRAO VITHALRAO PATIL: I will be brief. Instead of going to other points, I will stick to my own points. It is a well-known fact as to how Mr. Bhujbal has caused defections. Mr. Bhujbal entered the Congress party. There were 52 Members of the Shiv Sena in the Maharashtra Assembly.

SHRI GOVINDRAO ADIK: Sir, I am on a point of order. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI): Mr. Patil, you should confine yourself to the subject. ...*(Interruptions)*...

DR. GOPALRAO VITHALRAO PATIL: There were many defecions. Everybody knows about it. I am mentioning only facts. It is far from true. I will give some figures about Maharashtra. They have said 'atrocities', but not a single atrocity has been mentioned in this House.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI): Dr. Patil, now you have to conclude.

